अभिभावक परिषद्

लगभग छः हजार छात्रा संख्या वाले मीरा कन्या महाविद्यालय में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ से दो हजार के मध्य छात्राएं तीनों संकायों के प्रथम वर्ष एवं स्नातकोतर पूर्वार्द्ध में प्रवेश लेती हैं। नवागत छात्राओं को राजस्थान के दक्षिणांचल में स्थित इस विशिष्ट महाविद्यालय के विस्तृत संसाधनों से परिचित कराने, छात्राओं एवं संरक्षकों में विश्वास पैदा करने तथा अध्ययनरत छात्राओं की अपेक्षाओं को जानने के उद्‌देश्य से प्रतिवर्ष अभिभावक परिषद द्वारा प्राचार्य जी के संरक्षण में 'संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सत्र 2022–23 में दिनांक 28 नवम्बर को प्रशासन एवं परिजनों के मध्य संवाद का यह कार्यक्रम 'संवादसेतु' आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जुजर हुसैन ने की। अभिभावक परिषद प्रभारी डॉ. मंजु त्रिपाठी ने अभिभावकों का स्वागत किया तथा छात्राओं के चहुँमुखी विकास के लिए महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं व सहायता के विषय में जानकारी दी । डॉ. जुजर हुसैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय में तकनीकी सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक केंद्र भी उपलब्ध है जिनका छात्राओं को लाभ उठाना चाहिए । अभिभावकों ने संवाद के दौरान अंग्रेजी माध्यम में पृथक कक्षाएं लगवाने का आग्रह किया तथा महाविद्यालय में संचालित रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की प्रशंसा की। डॉ. विवेक शर्मा द्वारा अभिभावकों से फीडबैक प्रपत्र भरवाए गए। अभिभावक परिषद के इस संवाद कार्यक्रम में अभिभावकों ने छात्राओं की व्यावहारिक समस्याओं को सामने रखा जिनका समाधान डॉ. हुसैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साक्षी चौहान ने किया तथा डॉ. सोफिया आई हुसैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने विचारों से अवगत कराया तथा महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर
अभिभावक परिषद्

कन्या महाविद्यालय
उदयपुर
परिषद
adidas